मिलता रहे तेरा प्यार सँवारे

मिलता रहे तेरा प्यार सँवारे,
इक वार नहीं हर बार सँवारे,

जब से मैंने होश सम्बाला सब ने ये बतलाया,
जब भी पड़ी मुसीबत कोई रस्ता तेरा दिखाया,
तू अपनों की करता संमबाल सँवारे,
मिलता रहे तेरा प्यार सँवारे,

अब तो बाबा तुमसे विनती अपना मुझे बना ले.
मान के अपना छोटा बालक अपने गले लगा ले,
अब कहदे मुझे भी तू लाल सँवारे,
मिलता रहे तेरा प्यार सँवारे,

सुना है जो भी दर पे आता वो तेरा हो जाता,
मान के अपनी जिम्मेदारी हर दम साथ निभाता,
करता उसको सुना है निहाल सँवारे,
मिलता रहे तेरा प्यार सँवारे,

अर्ज विपिन की तुमसे बाबा बस इतना है कहना,
हर ग्यारस खाटू में दर्शन मुझको देते रहना,
बस करदे तू इतना कमाल सँवारे,
मिलता रहे तेरा प्यार सँवारे,

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/9672/title/milta-rahe-tera-pyaar-sanware-ik-baar-nhi-har-baar-sanware

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |